तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 8 फरवरी 2026



ढाई करोड़ की लागत से बनी सड़क का हफ्तेभर में ... 12



दुर्गम क्षेत्र की महिलाओं ने सीखा मोबाइल व ऑनलाइन... 13




# राष्ट्रपति के समक्ष अबूझमाड़ का गौरव मल्लखंभ के नन्हे वीरों ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏩ जगदलपुर

संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम के शुभारंभ समारोह में जगदलपुर के लालबाग मैदान पर उस समय इतिहास रच गया,जब अबूझमाड़ के सुदूर वनांचल से आए मल्लखंब के नन्हे खिलाड़ियों ने देश की सर्वोच्च संवैधानिक पदाधिकारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के समक्ष अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन किया। हजारों स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच अबूझमाड़ मल्लखंब एंड स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने लकड़ी के खंभे पर असाधारण संतुलन,फुर्ती और साहसिक करतब दिखाकर पूरे वातावरण को विस्मय और गर्व से भर दिया। यह पहला अवसर था जब अबूझमाड़ क्षेत्र के बच्चों ने एक साथ राष्ट्रपति के समक्ष मल्लखंब का जीवंत प्रदर्शन किया। प्रस्तुति के दौरान बच्चों का आत्मविश्वास,तकनीकी दक्षता और अनुशासन दर्शकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गया। राष्ट्रपति ने बच्चों की प्रतिभा से प्रभावित होकर तालियां बजाईं, मुक्तकंठ से प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। नारायणपुर जिले के कुटूर,करपा और परपा जैसे दुर्गम इलाकों से निकलकर इन बच्चों ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा संसाधनों की नहीं, संकल्प की मोहताज होती है।

## बस्तर पंडुम के मंच पर साहस, संतुलन और अनुशासन की अद्भुत प्रस्तुति



### अबूझमाड़ से दुनिया तक सफलता की क्रमबद्ध कहानी

*इन नन्हे खिलाड़ियों ने 'इंडियाज गॉट टैलेंट' का खिताब जीतकर और 'रोमानियाज गॉट टैलेंट' में उपविजेता बनकर वैश्विक पहचान बनाई है, भारत सहित कई देशों में 40 से 50 से अधिक टीवी शो और सैकड़ों मंचीय प्रस्तुतियों में भाग लिया है, तथा विभिन्न राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण और रजत पदक अर्जित किए हैं। अब दल का लक्ष्य 'अमेरिकाज गॉट टैलेंट' और 'ब्रिटेन्स गॉट टैलेंट' जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर भारत और अबूझमाड़ की लोक-कला का परचम लहराना है, जो बदलते बस्तर की सशक्त तस्वीर प्रस्तुत करता है।इस प्रेरणादायी यात्रा के मार्गदर्शक 16वीं बटालियन आरक्षक में पदस्थ मनोज प्रसाद और अबूझमाड़ मल्लखंब एंड स्पोर्ट्स एकेडमी के संस्थापक हैं।*

## खबर संक्षेप



### पत्नी को परेशान करने वाले पति को भेजा जेल

**बचेली।** थाना बचेली के आवेदिका मनीषा पटनायक द्वारा में शिकायत करने पर 5 फरवरी को दोनों पक्षों को पूछताछ हेतु थाना तलब किया गया जो पूछताछ के दौरान अनावेदक आकाश पटनायक द्वारा आवेदिका को वर्ष 2025 से लड़ाई झगड़ा कर परेशान किया जा रहा था। अनावेदक को समझाईश देने के दौरान पुलिस की उपस्थिति में ही अनावेदक द्वारा आवेदिका के साथ मारपीट करने एवं अभद्र व्यवहार करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की अंदेशा पर मौके पर पुलिस अभिरक्षा में लेकर अनावेदक डिप्टी मैनेजर एनएमडीसी किरंदुल निवासी क्वाटर नंबर 190 टाईप 03 पुराना जिम के पास 36 वर्षीय आकाश पटनायक को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफतार कर अनुविभागीय दण्डाधिकारी न्यायालय बड़ेबचेली के समक्ष धारा 126, 135 बीएनएसएस के तहत इस्तगासा पेश किया गया। वहां से न्यायालय द्वारा अनावेदक आकाश पटनायक को जेल भेजा गया।

### परीक्षा पर चर्चा विद्यार्थियों के मन से परीक्षा के प्रति भय दूर करने का मक़सद



**बकावंड।** विकासखंड बकावंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरगीपाल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन 6 फरवरी को किया गया। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी खंड स्त्रोत समन्वयक सोनसिंह बघेल, संस्था के प्राचार्य, शिक्षक गण, संकुल के बच्चे सम्मिलित हुए। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों को संबोधित किया। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम विशेषकर बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थीयों के मन से परीक्षा के प्रति नकारात्मक सोच, भय को दूर करने का मक़सद है। बच्चों के मन में सकारात्मक सोच, नियम व चरणबद्ध तरीके से अध्ययन करने संबंधी सूत्र बताए गए। बच्चों को यह भी बताया गया की बोर्ड परीक्षा में किस प्रकार हम अपने समय का अधिक से अधिक उपयोग करके बेहतर से बेहतर परिणाम को पा सकें। उपस्थित सभी बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव ने बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

### बस्तर पंडुम में जनजातीय कला, शिल्प और लोकजीवन पर केंद्रित भव्य प्रदर्शनी का किया अवलोकन

# बस्तर संस्कृति व जनजातीय परंपराओं से रू-ब-रू हुईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

हरिभूमि न्यूज ⏩ जगदलपुर

बस्तर पंडुम के शुभारंभ समारोह में शामिल होने पहुंचीं महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बस्तर की माटी की सुगंध और आदिम जनजातीय परंपराओं पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राष्ट्रपति ने आयोजन स्थल पर लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर जनजातीय कला, हस्तशिल्प और लोकसंस्कृति से जुड़ी प्रस्तुतियों को नजदीक से देखा तथा कारीगरों और स्थानीय निवासियों से संवाद कर उनकी रचनात्मक प्रक्रिया की जानकारी ली।

प्रदर्शनी में ढोकरा हस्तशिल्प, टेराकोटा,वुड कार्विंग,सीसल कला, बांस एवं लौह शिल्प,जनजातीय वेश-भूषा और आभूषणों के साथ जनजातीय चित्रकला की विविध विधाओं को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। ढोकरा कला में लॉस्ट वैक्स कास्टिंग तकनीक से निर्मित कृतियों में प्रकृति, देवी-देवताओं और ग्रामीण जीवन की झलक दिखाई दी, वहीं मिट्टी की टेराकोटा आकृतियों, सागौन और साल लकड़ी की नक्काशी तथा जूट और बांस से बने उत्पादों ने पारंपरिक कौशल को रेखांकित किया। प्रदर्शनी में गढ़े लोहे से बनी कलाकृतियां,चांदी-मोती-शंख से बने जनजातीय आभूषण, तुम्बा कला से निर्मित पारंपरिक वाद्य एवं सजावटी वस्तुएं आकर्षण का केंद्र रहीं,वहीं दंडामी माढ़िया, अबूझमाड़िया,मुरिया, भतरा और हल्बा जनजातियों की पारंपरिक वेश-भूषा का सजीव प्रदर्शन किया गया। जनजातीय चित्रकला में जंगल, लोकदेवता,पर्व-त्योहार और दैनिक जीवन के प्रतीक उभरे,जबकि स्थानीय व्यंजन स्टॉल पर जोंधरी लाई के लड्डू, जोंधरा, मंडिया पेज, आमट, चापड़ा-भेंडा चटनी, कुलथी दाल, पान बोबो, तीखुर तथा पेय पदार्थ लांदा और सल्फी प्रदर्शित किए गए।



### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जगदलपुर आगमन पर मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में आत्मीय स्वागत

देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का शनिवार 7 फरवरी को बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में गरिमामय आगमन हुआ। वे ऐतिहासिक लालबाग मैदान में आयोजित तीन दिवसीय संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम के शुभारंभ अवसर पर जगदलपुर पहुंचीं। राष्ट्रपति के आगमन से संपूर्ण बस्तर अंचल में उत्साह और गौरव का वातावरण देखने को मिला। जगदलपुर स्थित मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति का अत्यंत आत्मीय एवं गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्वागत में राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुष्पगुच्छ भेंट कर महामहिम का अभिनंदन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा,केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और वन मंत्री केदार कश्यप ने भी राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए अभिवादन किया। एयरपोर्ट परिसर में सांसद महेश कश्यप,जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव और महापौर संजय पांडे ने राष्ट्रपति का सम्मानपूर्वक स्वागत किया। इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने भी कतारबद्ध होकर महामहिम का आत्मीय अभिनंदन किया,जिससे पूरे स्वागत कार्यक्रम में गरिमा और ⏩ शेष पेज 12 पर

- **राष्ट्रपति के करकमलों से होगा बस्तर पंडुम का शुभारंभ**



### नानगुर क्षेत्र में गौवंशों पर घातक हमले से ग्रामीणों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏩ जगदलपुर

बस्तर जिले के नानगुर तहसील अंतर्गत ग्राम काकरवाड़ा में गौवंश पर क्रूरता की गंभीर घटना सामने आई है। चारा चरने गए गाय-बछड़ों पर धारदार टंगिया से हमला किए जाने से गांव में तनाव और आक्रोश का माहौल बन गया। हमले में कुल चार गाय-बछड़े घायल हुए, जिनमें से दो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और गौपालकों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

घायलों में एक गाय का पैर टूट गया, एक बछड़े की जांघ व पैर में गहरी चोट आई, जबकि एक बछड़े की पूंछ कटने से अत्यधिक रक्तस्त्राव हुआ। सूचना मिलते ही गौ सेवकों की मदद से गंभीर रूप से घायल दो गौवंश को हैप्पी कामधेनु गौशाला पहुंचाया गया,जहां उनका उपचार जारी है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की,जिस पर पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए आरोपी के विरुद्ध वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की। घटना के संबंध में थाना नानगुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। जांच के उपरांत आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 325 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम,1960 की धारा 11 के अंतर्गत प्रकरण ⏩ शेष पेज 12 पर

- **टंगिया से हमला कर चार गाय बछड़ों को किया घायल**

## सेवा, स्वदेशी और अनुशासन के साथ शुरू हुआ विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏩ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर, जगदलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ग्राम चोकर,में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 6 फरवरी से 12 फरवरी तक किया जा रहा है। शिविर के प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह का आयोजन ग्राम चोकर में किया गया,जहां राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्वजारोहण एवं लक्ष्य गीत के साथ शिविर का औपचारिक शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

उद्घाटन अवसर पर वक्ताओं ने ग्रामीण जीवन की सरलता, पर्यावरण संरक्षण,अनुशासन और स्वदेशी अपनाने पर बल दिया। स्वयंसेवकों को ग्रामीणों की समस्याओं को समझने, समाज से जुड़कर सेवा भाव से कार्य करने और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना,उद्देश्यों और सामाजिक सद्भाव, एकता तथा युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने में इसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत (सरपंच) एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कृष्णा बघेल,डॉ राम राकेश जांगिड़,डॉ सजीवन कुमार,सुरेश गुप्ता,कमलेश पांडे,डॉ भुनेश्वर लाल साहू,प्रेमजीत निराला,डॉ भेनु,वैभव चौधरी व अन्य उपस्थित थे।

- **ग्राम चोकर में रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ**



### शिविर के उद्देश्य और गतिविधियों की रूपरेखा

*सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत स्वच्छता अभियान, जन-जागरूकता कार्यक्रम,पर्यावरण संरक्षण,सामाजिक समरसता, अनुशासन एवं सेवा भाव से जुड़े विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा,जिनके माध्यम से स्वयंसेवक ग्रामीण समाज के साथ सीधा संवाद स्थापित करेंगे,स्थानीय समस्याओं को समझेंगे और समाधान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाएंगे, जिससे 'आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना को जमीनी स्तर पर सशक्त किया जा सके।*

## पड़ोसी राज्य आंध्र व तेलंगाना में महक रहा बस्तर का मक्का

### बस्तर के मक्के पड़ोसी राज्यों के बाजारों में सुगंध व गुणवत्ता की धूम मची

हरिभूमि न्यूज ⏩ जगदलपुर

बस्तर का मक्का अब सिर्फ स्थानीय बाजार तक सीमित नहीं है, बल्कि पड़ोसी राज्यों के बाजारों में भी अपनी सुगंध और गुणवत्ता से धूम मचा रहा है, जिससे किसानों को अच्छा मुनाफा मिल रहा है। बस्तर के किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत कर रही है और उन्हें बेहतर उत्पादन के लिए प्रोत्साहित कर रही है। बस्तर का मक्का अपनी अच्छी गुणवत्ता और अच्छी कीमत के कारण आंध्रप्रदेश और तेलंगाना के बाजारों में अपनी पहचान बना रहा है, जिससे किसानों को लाभ हो रहा है, जो कि अच्छी उपज और सही बाजार मूल्य मिलने का संकेत है, जहां किसान मक्के को बेचकर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं, क्योंकि यह अपनी सुगंध और स्वाद के लिए जाना जाता है। मक्का का उपयोग औषधियों में किया जाता है, खासकर आयुर्वेद में, जहां इसके दानों, रेशों (कॉर्न सिल्क) और अन्य भागों का उपयोग खांसी, बवासीर, लिवर रोग, किडनी स्टोन, मधुमेह और कमजोरी जैसी स्थितियों के इलाज में किया जाता है।

- **किसान मक्का की ले रहे फसल व दवाइयों में किया जा रहा मक्का का उपयोग**



अलग खबर

### पड़ोसी राज्य में भेजा 27 लाख क्विंटल मक्का

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनवरी माह में मंडी में लगभग 37 लाख 94 हजार 732 क्विंटल मक्का की आवक हुई, इसमें से लगभग 27 लाख क्विंटल मक्का पड़ोसी राज्य में भेजा गया है।

### मंडी हो रही मक्का की आवक

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि बस्तर में मक्का की फसल अधिक होने से मंडी में आवक हो रही है। इससे किसान पड़ोसी राज्यों में विक्रय कर भेज रहे हैं, मक्का से किसानों मुनाफा मिल रहा है।

### फूड एंड बेवरेज का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त बीजापुर के युवाओं में जिंदगी की नई शुरुआत

# उप मुख्यमंत्री शर्मा ने 30 पुनर्वासित युवाओं को बांटे टूलकिट व मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ⏩ जगदलपुर

बस्तर की फिजा में अब बारूद की गंध नहीं, बल्कि विकास और आत्मनिर्भरता की खुशबू महसूस की जा रही है। हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटे युवाओं के लिए आज का दिन एक नई सुबह लेकर आया, जब प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उन्हें स्वावलंबन की राह दिखाई। फूड एंड बेवरेज का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त बीजापुर जिले के 30 पुनर्वासित युवाओं को आज जिंदगी की शुरुआत के संसाधन प्राप्त हुए।

इस गरिमामय समारोह में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रशिक्षण पूरा करने वाले युवाओं को पासिंग आउट सर्टिफिकेट प्रदान किए। साथ ही उन्हें अपना रोजगार शुरू करने के लिए टूलकिट और संपर्क साधन के रूप में मोबाइल फोन वितरित किए। उप मुख्यमंत्री ने इन युवाओं के मुख्यधारा में लौटने के साहस की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उम्मीद जताई कि वे अब समाज निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएंगे। उप मुख्यमंत्री ने पुनर्वासित युवाओं से संवाद कर प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्राप्त की और कहा कि बीजापुर जिला बहुत ही सुन्दर जिला है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा होम स्टे पहल की शुरुआत की गई है, जिसके तहत कोई परिवार खेती किसानी के कामो के साथ ही एक कमरा बनाकर होम स्टे शुरू कर सकता है। आप लोगों को अभी होटल मैनेजमेंट का प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे आप होम स्टे का कार्य बेहतर ढंग से कर सकते हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां से अपने गांव जाकर अच्छे से जीवन यापन करें। साथ ही गांव के ऐसे युवाओं जो मुख्यधारा से भटक गए हैं उन्हें भी समझाएं। इस मौके पर वन मंत्री केदार कश्यप ने प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद शांति से जीवन यापन करने और जीवन के नई शुरुआत की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विधायक किरण सिंह देव सहित बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने इस बदलाव के साक्षी बनकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया।



### राजमिस्त्री, बकरीपालन और मुर्गीपालन का मिला प्रशिक्षण

*बस्तर जिले में अब तक कुल 343 पुनर्वासितों को राजमिस्त्री, बकरीपालन, मुर्गीपालन और हॉस्पिटैलिटी जैसे विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षित किया जा चुका है। इनमें से 161 युवाओं को विशेष रूप से नुवा बाट आवासीय प्रशिक्षण केंद्र में निखारा गया है। कौशल विकास का यह क्रम निरंतर जारी है, और वर्तमान में 28 अन्य युवा इसी केंद्र में वेल्डिंग का प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने के संकल्प को सिद्ध करने में नुवा बाट केंद्र की महती भूमिका को रेखांकित करती है।*

## बस्तर सांसद ने दिल्ली में की मथुरा सांसद से आत्मीय भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏩ जगदलपुर

नई दिल्ली में बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप द्वारा मथुरा लोकसभा क्षेत्र की सांसद हेमामालिनी से आत्मीय एवं सौहार्दपूर्ण भेंट की गई। इस अवसर पर बस्तर आगमन को लेकर औपचारिक निमंत्रण प्रदान किया गया, जिसे सकारात्मक भाव के साथ स्वीकार किया गया। भेंट के दौरान बस्तर की विशिष्ट पहचान,उसकी सांस्कृतिक विरासत तथा प्राकृतिक सौंदर्य पर सार्थक संवाद हुआ। सांसद कश्यप ने बस्तर की जनजातीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपराओं और सामाजिक विविधता की विस्तृत जानकारी साझा की। साथ ही क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं, स्थानीय शिल्प, लोककलाओं और जैव विविधता के महत्व पर भी चर्चा की गई। इस संवाद को बस्तर की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भेंट के दौरान यह भी उल्लेख किया गया कि बस्तर न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध है,बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास की दृष्टि ⏩ शेष पेज 12 पर

- **बस्तर आगमन का औपचारिक निमंत्रण, सहर्ष किया स्वीकार**



## खबर संक्षेप



### महतारी वंदन योजना से श्यामबती बेटियों का भविष्य कर रही सुरक्षित

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावी पहल सिद्ध हो रही है। योजना से कोण्डागांव जिले के ग्राम पंचायत बनचपई की निवासी श्रीमती श्यामबती कोर्राम के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। योजना के अंतर्गत उन्हें प्रति माह एक हजार रुपये की सहायता राशि नियमित रूप से उनके बैंक खाते में प्राप्त हो रही है। श्यामबती कोर्राम बताती हैं कि महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का उपयोग वे अपनी दोनों बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के खाते में जमा कर रही हैं। इससे बेटियों की शिक्षा और भविष्य को लेकर उनकी चिंताएं काफी हद तक कम हुई हैं। आर्थिक सहयोग से श्यामबती अब पौष्टिक आहार भी ले पा रही हैं, जिससे पूरे परिवार के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। योजना ने उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 12वीं तक शिक्षित श्यामबती कोर्राम के लिए महतारी वंदन योजना आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत सहारा बनी है। यह योजना उन्हें न केवल आर्थिक संबल दे रही है, बल्कि सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर भी प्रदान कर रही है। श्यामबती कोर्राम ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में वास्तविक और सकारात्मक बदलाव ला रही है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का जिला सीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनपद पंचायत माकड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत माकड़ी, उमरगांव एवं अमरावती में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत निर्माणाधीन आवासों का जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित हितग्राहियों एवं पंचायत अमले को आवास निर्माण शीघ्र रने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत माकड़ी में सचिव के कार्यों में उदासीनता पाए जाने पर सचिव लक्ष्मण शोरी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए तथा आवास निर्माण की दैनिक प्रगति नियमित रूप से दर्ज करने को कहा गया। ग्राम पंचायत उमरगांव में निर्माण कार्य बंद पाए जाने पर सचिव घुड़ऊराम नेताम को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने एवं शीघ्र कार्य प्रारंभ नहीं होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए गए।

## माकड़ी व कोण्डागांव विखं में आवासों की प्रगति का लिया जायजा

### मनरेगा कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश

ग्राम रोजगार सहायक तिहारू राम नेताम को मनरेगा अंतर्गत पर्याप्त कार्य प्रारंभ कर मजदूरी मानव–दिवस बढ़ाने एवं कार्यों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया।



### हितग्राहियों से सीधा संवाद कर समस्याएं सुनी

इसी क्रम में विकासखण्ड कोण्डागांव के ग्राम पंचायत गिरोला सहित माकड़ी विकासखण्ड में भी प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई तथा आवास निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने हेतु हरसंभव सहयोग देने एवं निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत माकड़ी गजेंद्र धुरडे, आवास समन्वयक तिलक शंकर सिन्हा सहित जनपद स्तरीय अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 7 साल के इंतजार के बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिली टिकाऊ सड़क

# ढाई करोड़ की लागत से बनी सड़क का हफ्तेभर में हाल-बेहाल, उखड़ रहे डामर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव/ केशकाल



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जिसका मकसद गांवों को बेहतर सड़क और मजबूत कनेक्टिविटी देना है। लेकिन कोंडागांव जिले में यही योजना अब भ्रष्टाचार और लापरवाही की पहचान बनती नजर आ रही है। बटराली से होनहेड तक लगभग 12.5 किलोमीटर लंबी सड़क, करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से बनाई जा रही है। लेकिन हैरानी की बात ये है कि सड़क बने अभी एक हफ्ता भी नहीं हुआ और डामर जगह-जगह से उखड़ने लगा है। हालात इतने खराब हैं कि हाथ लगाने भर से ही सड़क की परत निकल रही है, जो निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। तस्वीर अपनी कहानी खुद बयां कर रही है। ग्रामीण हाथ से डामर उखाड़ रहे हैं, मसलते ही गिट्टी और डामर अलग हो जा रहा है। यानी करोड़ों की लागत से बनी सड़क की मजबूती सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र सरकार पूरा बजट देती है, लेकिन ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया और गुणवत्ताहीन निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों में भारी नाराज़गी है। क्योंकि करीब 7 साल के इंतजार के बाद बनी यह सड़क भी टिकाऊ साबित नहीं हो पा रही है। लोगों की मांग है कि सड़क निर्माण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो।

- विभागीय लापरवाही या ठेकेदार की मनमानी, जांच की मांग हुई तेज

### विभाग को सूचना दिए बगैर शुरू हुआ था काम: ईई

वहीं पीएमजीएसवाय के कार्यपालन अभियंता बलराम ठाकुर का कहना है कि ठेकेदार ने विभाग को पूर्व सूचना दिए बिना कार्य शुरू किया था, जिस पर तत्काल नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि डामरीकरण से पहले आवश्यक सफाई नहीं की गई, जिसके कारण डामर उखड़ रहा है। ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं कि मेंटेनेन्स और रिन्यूअल कार्य में डामर एमल्सन और पूरी सफाई के साथ गुणवत्तापूर्ण काम किया जाए।

# साल भर बाद रिहा हुए लखमा, पूर्व विधायक संतराम नेताम के नेतृत्व में फूल-मालाओं से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के एक साल बाद जमानत पर रिहा होने पर शुक्रवार शाम ब्लॉक मुख्यालय केशकाल में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। पूर्व विधायक संतराम नेताम के नेतृत्व में केशकाल स्थित बस स्टैंड मे आतिशबाजी कर फूल मलाओ से स्वागत किया गया। लखमा ने हाथ जोड़कर समर्थकों का अभिवादन किया और इसे सच्चाई की जीत करार दिया।

- संतराम नेताम मेरे सुख दु:ख के साथी: लखमा

इससे पहले कवासी लखमा ने कहा कि मैं सबसे पहले देश की न्यायपालिका और सुप्रीम कोर्ट को बधाई देता हूं। मैं एक गरीब आदिवासी हूं, बस्तर की आवाज हूं और बस्तर के जल-जंगल-जमीन के मुद्दे उठाता रहा हूं। न्याय व्यवस्था पर मेरा भरोसा और मजबूत हुआ है। पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद करता हूं। पूरी उम्मीद है कि आने वाले समय में दूध का दूध और पानी का पानी होगा। मैं जब तक रहूंगा, बस्तर के जल-जंगल-जमीन की लड़ाई लड़ता रहूंगा। संत नेताम ने कहा की आदिवासियों की बुलंद आवाज, पूर्व मंत्री एवं कोंटा विधायक श्री कवासी लखमा अंततः भाजपा और केंद्रीय एजेंसियों के चक्रव्यूह को भेदकर बाहर आए हैं। श्री लखमा के विरुद्ध भाजपा सरकार ने दुर्भावना और द्वेषपूर्ण कार्यवाही करते हुए बिना किसी सबूत उन्हें सालभर जेल में रखा लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दी जिसका स्वागत करते हैं।

### लखमा ने पूर्व विधायक संतराम नेताम की जमकर तारीफ

कवासी ने आगे कहा कि जब मैं जेल में था तब केशकाल के पूर्व विधायक संतराम ने मुझसे मिलने कई बार जेल आकर मेरा हाल-चाल जाना, इसके लिए मैं उनका दिल से धन्यवाद करता हूं। संत नेताम मेरे सुख दुख के साथी है।

# वाई-फाई प्रदाता, कंप्यूटर व चॉइस सेंटर संचालकों की बैठक में दिए सुरक्षा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कोंडागांव पुलिस द्वारा विशेष पहल करते हुए वाई–फाई प्रदाताओं, कंप्यूटर सेंटर एवं चॉइस सेंटर संचालकों की बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा भापुसे के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा तथा उप पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र पुजारी के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय एवं साइबर टीम ने बैठक आयोजित की। इसमें बताया गया कि साइबर अपराधी अक्सर सार्वजनिक वाई–फाई का उपयोग कर धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं तथा ठगी की रकम निकालने के लिए बैंक खातों का दुरुपयोग करते हैं।

- साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर हुई चर्चा

### पब्लिक वाई–फाई और बैंक खातों के दुरुपयोग से रहें सतर्क

बैठक में बताया गया कि साइबर अपराधी पब्लिक वाई–फाई और चॉइस सेंटर के खातों का उपयोग म्यूल अकाउंट के रूप में कर रहे हैं। इसके साथ ही कंप्यूटर सेंटरों का भी कई प्रकार के ऑनलाइन अपराधों में इस्तेमाल होने की आशंका जताई गई।

### सुरक्षा के लिए दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

पुलिस अधिकारियों ने सभी संचालकों को वाई–फाई पासवर्ड मजबूत रखने, समय–समय पर पासवर्ड बदलने तथा किसी अनजान व्यक्ति से पासवर्ड साझा नहीं करने की सलाह दी। इसके अलावा चॉइस सेंटर संचालकों को बैंक लेन–देन का रजिस्टर अनिवार्य रूप से संधारित करने तथा कंप्यूटर सेंटर संचालकों को उपयोगकर्ताओं का पूरा विवरण दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

### जागरूकता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा उपाय

कोंडागांव पुलिस ने कहा कि साइबर अपराध से बचने के लिए सतर्कता और सही जानकारी बेहद जरूरी है। पुलिस प्रशासन ने सभी सेवा प्रदाताओं से सहयोग की अपील करते हुए आम नागरिकों को भी साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी।



### विदोश चंदेल बने श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष

**केशकाल।** छग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ क्री प्रदेश तदर्थ कमेटी कै सदस्यगण इन्दर कोटवानी, श्री मनोज गोस्वामी, अनिल अग्रवाल एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बीडी निजामी, पूर्व प्रदेश सलाहकार विजय लाडगे, क्री ग उपस्थिति में कोंडागांव वनमंडल के ऑक्सन हॉल में संघ की कोंडागांव जिला इकाई का गठन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यो द्वारा सर्वसम्मति से विदोश चंदेल को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया एवं उपाध्यक्ष गजेंद्र राठौर व जुनैद पारेख जिलामहासचिव धंसराज टंडन कोषाध्यक्ष जितेंद्र सुराना संगठन सचिव श्याम सिंह जिला सचिव दीपक वैष्णव जिला सह-सचिव अशफाक मेमन को नियुक्त किया गया। इस दौरान श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ जिला कोंडागांव के प्रमुख सलाहकार के शशिधरन, मगराज गोयल, विधिक सलाहकार रजनीश द्विवेदी व कार्यकारणी सदस्य सुरेंद्र सोनपीपरे विश्वजीत मल्लिक रमाकांत सिन्हा बंटी शर्मा मुकेश राठौर राजेश साहू अनिल पाहुजा राजा गोयल शाहिद मेमन पोखराज सिन्हा रोशन सेन अकीब नथानी राजमन नाग शिवलाल मरकाम प्रदीप नेताम संतोष जायसवाल ताराचंद सेठिया रवीन्द्र पांडे का गठन किया गया ।

# सरस्वती साइकिल योजना के तहत बालिकाओं को मिली साइकिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मूलमुला में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित निरूशुल्क सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत कक्षा 9वीं की बालिकाओं को साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य माननीय नंदलाल राठौर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 व विशिष्ट अतिथि के रूप में भगवती नेताम सभापति उपस्थित रहीं। अतिथियों के करकमलों से बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निरूशुल्क साइकिल योजना संचालित की जा रही है, जिससे छात्रओं को विद्यालय आने–जाने में सुविधा मिले और वे नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण कर सकें। माननीय अतिथियों ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही हैं, जो शिक्षा का ही परिणाम है। बालिकाओं को शिक्षित कर समाज को सशक्त बनाया जा सकता है।

- कक्षा 9वीं की छात्राओं के लिए हुआ वितरण समारोह

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में उपसरपंच तुलजू पटेल, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष तिलकचंद देवांगन, प्राचार्य रमेश कुमार सोनपिपरे, ग्राम लेमडी के उपसरपंच नारायण मरकाम सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। विद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में साइकिल वितरण समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# वनों में अतिक्रमण रोकने रखें निगरानी, ग्रामीणों की भागीदारी और समय पर सूचना देने पर सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



वनमण्डल अंतर्गत समस्त वन प्रबंधन समितियों की 4 फरवरी से दो दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य वन संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा एवं वनों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर सामूहिक चर्चा कर प्रभावी समाधान तय करना रहा। बैठक में वन प्रबंधन समितियों के सदस्यों द्वारा लाभांश राशि के उपयोग, कूप विदोहन से संबंधित विषयों एवं इससे जुड़ी समस्याओं और सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वनों को आग से बचाने के उपायों, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने तथा गर्मी के मौसम में सतर्कता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।


- वन संरक्षण को लेकर वन प्रबंधन समितियों की बैठक

### अवैध कटाई एवं अतिक्रमण रोकने पर विचार- विमर्श

*सदस्यों द्वारा अवैध कटाई और अतिक्रमण की रोकथाम को लेकर चर्चा की गई। इसके लिए सतत निगरानी, ग्रामीणों की भागीदारी और समय पर सूचना देने जैसे उपायों पर सहमति बनी। बैठक में वन एवं वन्यजीव से संबंधित घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने तथा वन संपदा के संरक्षण पर विस्तार से विचार किया गया। साथ ही लाभांश राशि से स्वीकृत पुराने कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति स्थानीय लोगों में जागरूकता बढ़ाने पर एकमत से सहमति व्यक्त की। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने वन एवं वन्यप्राणियों को हर संभावित आग से बचाने का संकल्प लिया तथा ग्रामीणों से भी वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की।*

# छात्रों से भरी कार हुई दुर्घटनाग्रस्त, सभी घायल

**धमतरी।** स्कूल में आयोजित विदाई पार्टी के बाद पिकनिक के लिए निकले छात्र- छात्राओं से भरी कार हादसे का शिकार हो गई। घटना में कार में सवार सभी लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार नगरी स्थित शासकीय श्रृंगी ऋषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का विदाई कार्यक्रम था। विदाई कार्यक्रम के बाद छात्र-छात्राएं सोंढूर डेम में पिकनिक के लिए निकले। छात्र-छात्राएं 4 से 5 अलग-अलग वाहनों में सवार होकर निकले थे। इसी दौरान शाम को मेचका थाना क्षेत्र के ग्राम अरसीकन्हार के पास लगभग 6 से 7 विद्यार्थियों से भरी एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में कार में सवार सभी विद्यार्थियों को चोट लगी है। घायलों को उपचार के लिए तत्काल नगरी अस्पताल भेजा गया। तीन को गंभीर चोट लगी है। इन्हें उपचार के लिए धमतरी रिफर किया गया है।



### सरकार की योजनाओं का छात्र- छात्राएं उठाएं लाभ: उसेंडी

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व सांस्कृतिक संरक्षण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री लता उसेंडी के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को संयुक्त छात्रावास एकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रावासों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, सुविधा विस्तार और सांस्कृतिक संरक्षण को प्रोत्साहित करना रहा।

- संयुक्त छात्रावास में एकता दिवस में पहुंची विधायक और कलेक्टर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुश्री लता उसेंडी ने केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विद्यार्थियों को दी। सभी से योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया। विधायक ने कहा कि राज्य शासन की सरस्वती सायकल योजना बेटियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस योजना से छात्राओं को विद्यालय आने–जाने में सुविधा मिलती है। जिससे उनकी उपस्थिति बढ़ती है और पढ़ाई में निरंतरता बनी रहती है। उन्होंने इसे बेटियों की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम बताया। सुश्री उसेंडी ने कहा कि बस्तर की आदिम संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राज्य शासन द्वारा बस्तर संभाग के सभी जिलों में बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है, जिससे बस्तर की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो सके। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, नगरपालिका परिषद कोंडागांव अध्यक्ष नरपति पटेल, जिला पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधिगण, आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त —पेंद्र तिवारी, छात्रवास के विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

### छात्रावासों की स्वच्छता और व्यवस्था का किया निरीक्षण

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी छात्रावासों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि जिले का बालिका छात्रावास अत्यंत सुंदर है। यदि सभी छात्रावास इसी तरह स्वच्छ व सुव्यवस्थित रहें तो यह जिले की पहचान बन सकते हैं। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा यह आपका छात्रावास है, यह आपका बगीचा है, इसका सही उपयोग करें और इसे स्वच्छ बनाए रखें। उन्होंने आगामी छात्रावास दिवस पर विद्यार्थियों से बस्तर की आदिवासी संस्कृति को वेशभूषा के माध्यम से प्रदर्शित करने की अपेक्षा भी जताई।

## पेज 11 के शेष

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ...

अनुशासन का सुंदर समन्वय देखने को मिला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जगदलपुर आगमन बस्तर के जनजातीय समाज के लिए एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी क्षण है। बस्तर पंडुम जैसे सांस्कृतिक महोत्सव में राष्ट्रपति की सहभागिता से न केवल जनजातीय कला,संस्कृति और परंपराओं को राष्ट्रीय पहचान मिल रही है,बल्कि क्षेत्र में शांति, विकास और आत्मविश्वास के नए संदेश का संचार भी हो रहा है। यह आगमन बस्तर की सांस्कृतिक अस्मिता और लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सशक्त करने वाला है। स्वागत अवसर पर कमिश्नर डोमन सिंह,पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### नानगुर क्षेत्र में....

पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रकरण में आगे की विधिसम्मत जांच जारी है। शिकायतकर्ता ग्राम निवासी रामनाथ निषाद,धनसिंग,देवी सिंह विजय ने ग्राम निवासी रूपेश बघेल के खिलाफ थाना नानगुर में लिखित शिकायत की है।

### बस्तर सांसद ने ....

से भी निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। इस तरह की भेंटें बस्तर को राष्ट्रीय मंच पर और अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में सहायक सिद्ध होंगी।

बस्तर के सांस्कृतिक व पर्यटन विकास की दिशा में एक सकारात्मक पहल : दिल्ली में हुई इस भेंट को बस्तर के सांस्कृतिक और पर्यटन विस्तार की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है, जहां औपचारिक निमंत्रण के माध्यम से बस्तर की परंपरा, जनजातीय जीवनशैली,आध्यात्मिक स्थलों और प्राकृतिक सौंदर्य को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव कराने की मंशा स्पष्ट दिखाई देती है,वहीं भविष्य में प्रस्तावित बस्तर आगमन से क्षेत्र को राष्ट्रीय पहचान और पर्यटन प्रोत्साहन मिलने की संभावना भी प्रबल मानी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोटानार की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पंचायत टांडपाल में एक दिवसीय विशेष स्वच्छता एवं साफ-सफाई कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और स्वच्छ भारत अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। स्वयंसेवकों ने गांव के मुख्य मार्गों, पंचायत भवन परिसर और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। छात्रों ने झाड़ू लगाकर और कचरा एकत्रित कर उसका उचित निपटान किया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार सिंग ने छात्रों के श्रमदान की सराहना की। ग्राम पंचायत टांडपाल के सरपंच ने स्कूल के इस प्रयास को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि युवाओं की यह पहल गांव को सुंदर और रोगमुक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगी। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को शपथ दिलाई कि वे न केवल अपने घरों को बल्कि अपने आसपास के परिवेश को भी स्वच्छ रखेंगे और सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का उपयोग बंद करेंगे।

### रक्तदान से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे को दिया जीवन दान



**जगदलपुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल ब्लड बैंक के इंचार्ज मेकॉज ब्लड बैंक में ब्लड स्टॉक की कमी होने के कारण जरूरतमंद मरीज को समय पर ब्लड मिल जाए। इसके लिए डॉ. राजकिशोर नायक ने थैलेसीमिया बच्चे शाहिल को रक्तदान कर जीवन दान दिए। उन्होंने रक्तदान दानदाताओं एवं सभी शासकीय कर्मचारियों, सर्वसामाजिक बन्धुओं, गणमान्य नागरिकों, संगठनों से कहा कि मेकॉज डिमरापाल के ब्लड बैंक में अपना बहुमूल्य रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों को जीवदान देने में मदद करें। उक्त जानकारी मेकाज के अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू ने दी।

# योजनाओं का सीधा लाभ जब जमीनी स्तर पर उतरा तो हितग्राहियों के चेहरे खिल उठे

## उप मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को सौंपी सौगातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्थानीय सर्किट हाऊस में शुक्रवार की शाम उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित एक गरिमामय समारोह में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ जब जमीनी स्तर पर उतरा, तो हितग्राहियों के चेहरे खिल उठे। उप मुख्यमंत्री, वन मंत्री केदार कश्यप एवं विधायक किरण सिंह देव ने विभिन्न विभागों के माध्यम से पात्र लोगों को सामग्री और सहायता राशि वितरित कर सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को चरितार्थ किया।

कार्यक्रम के दौरान सबसे भावुक और उत्साहजनक क्षण तब देखने को मिले जब समाज कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने की पहल की गई। उप मुख्यमंत्री, वन मंत्री कश्यप एवं विधायक देव ने करण नाग, संजय सांतरा और विजय मौर्य को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल सौंपी, जिससे अब उनकी जिंदगी की रफ्तार नहीं थमेगी। इसी क्रम में राकेश कुमार मिश्रा को कृत्रिम पैर और विपिन सिंह को श्रवण यंत्र प्रदान कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में सम्मान के साथ जीने का संबल




दिया गया। शिक्षा और तकनीक के महत्व को रेखांकित करते हुए समग्र शिक्षा अभियान के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों, विवेक कुमार और सुभद्रा को मोबाइल किट तथा जयबती और गायत्री को टैबलेट वितरित किए गए, ताकि ये बच्चे डिजिटल युग के साथ कदमताल कर सकें।

महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत महिला समूहों को बड़े संसाधन सौंपे गए। जागृति, तिरंगा, इंद्रावती और झांसी की रानी महिला क्लस्टर संगठनों को ईंट-सीमेंट निर्माण इकाई के संचालन हेतु चेक व स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। इसके साथ ही कंकालीन और दुर्गा स्व-सहायता समूहों जैसी संस्थाओं को भी प्रोत्साहित किया गया।

बरसों से अपने पक्के मकान का सपना देख रहे परिवारों के लिए भी यह शाम यादगार बन गई। उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी और ग्रामीण) के तहत लक्ष्मी बाई राव, बबीता कश्यप, अलाबती, गजमती और सेवती नायक समेत कई गृहणियों को उनके सपनों के घर की चाबी सौंपी। वहीं छोटे व्यापारियों को मदद पहुंचाने के लिए पीएम स्वनिधि योजना के तहत ममता यादव और नासिर खान को चेक प्रदान किए गए, जबकि स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुजुर्ग हितग्राहियों को प्रधानमंत्री वय वंदना योजना का लाभ देकर सरकार ने हर वर्ग के प्रति अपनी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ओंकारेश्वर मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य समापन

# महाआरती और भोग अर्पण के बाद हुआ महाभंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मैत्री संघ मार्ग स्थित प्राचीन श्री ओंकारेश्वर मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आज श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में विधिवत समापन हुआ। समापन अवसर पर आयोजित विशाल महाभंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। अंतिम दिन सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की आवाजाही बनी रही,जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।

महाभंडारे से पूर्व मंदिर परिसर में आचार्य रोमितराज त्रिपाठी के नेतृत्व में अन्य आचार्यो एवं पंडितों के द्वारा वैदिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना,हवन एवं भव्य महाआरती संपन्न हुई। इसके पश्चात भगवान श्री ओंकारेश्वर को प्रसाद का भोग अर्पित किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों के पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं के लिए विशाल महाभंडारे की व्यवस्था की





### ऐतिहासिक मंदिर, सामूहिक सहभागिता और सफल आयोजन

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड अंतर्गत स्थित यह मंदिर सौ वर्षों से अधिक प्राचीन है और क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। हाल ही में मंदिर का जीर्णोद्धार कर उसे भव्य और आकर्षक स्वरूप प्रदान किया गया, जिससे इसकी धार्मिक गरिमा और अधिक बढ़ी है। पांच दिनों तक चले प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में नगरवासियों, वार्डवासियों, सामाजिक संगठनों और सेवाभावी नागरिकों ने सामूहिक रूप से सहभागिता निभाई। समापन दिवस पर महाभंडारे के माध्यम से सामाजिक समरसता और सेवा भाव का संदेश दिया गया, जिससे यह आयोजन स्मरणीय और सफल रूप में संपन्न हुआ। आयोजन के लिए सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं,समिति सदस्यों,वार्डवासियों,मीडियाकर्मियों और नगरवासियों के प्रति मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं महापौर संजय पांडे ने आभार व्यक्त किया।

गई,जिसमें नगर के विभिन्न वार्डों से आए लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। आयोजन के दौरान अनुशासन,सेवा और समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विविध धार्मिक अनुष्ठान,पूजन, अभिषेक एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए,जिनमें श्रद्धालुओं की लगातार सहभागिता रही। प्राण-प्रतिष्ठा के पश्चात मंदिर परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण का अनुभव किया गया, जिसे लेकर स्थानीय नागरिकों में विशेष उत्साह देखा गया।मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समापन समारोह के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री केदार कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, सांसद महेश कश्यप, भोजराज नाग, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, बैदूराम कश्यप तथा मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं महापौर संजय पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण भंडारा में सम्मलित होकर भोग प्रसाद ग्रहण किया।

## प्रपातेश्वर महादेव मंदिर में 15 फरवरी को संगीतमय मानस गान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जलप्रपात के सामने स्थित प्रपातेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर एक दिवसीय संगीतमय मानस गान महोत्सव का आयोजन 15 फरवरी को किया जाएगा। प्राकृतिक सौंदर्य

- **महाशिवरात्रि पर जलप्रपात के सान्निध्य में भक्ति रस की अविरल धारा**

और धार्मिक आस्था के संगम स्थल पर आयोजित इस भव्य आयोजन में प्रदेश की प्रतिष्ठित मानस एवं भजन मंडलियां अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से शिवभक्ति और रामकथा की रसधारा प्रवाहित करेंगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

मानस गान महोत्सव की तैयारियों को लेकर प्रपातेश्वर महादेव मंदिर परिसर में मंदिर समिति की अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की व्यवस्थाओं, अतिथि आमंत्रण और सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि महोत्सव में चित्रकोट–लोहंडीगुड़ा क्षेत्र के आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा, ताकि यह आयोजन जनसहभागिता के साथ भव्य रूप ले सके।

बैठक की अध्यक्षता प्रपातेश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप ने की। महोत्सव में हरि संकीर्तन भजन मंडली जगदलपुर,हरिओम महिला मानस मंडली दुर्ग, गंगासागर मानस परिवार कोंडागांव,मां के ममता मानस परिवार कांकेर तथा गुरु गीता मानस परिवार कांकेर की प्रस्तुतियां होंगी। बैठक में मुंशी पेगड़,लंबोदर पटेल, नाथन ठाकुर, प्रहलाद ठाकुर, चुन्नीलाल ठाकुर,मदन पेगड़,कृष्णा ठाकुर, घनश्याम ठाकुर,अजय बघेल, शंकर ठाकुर, सुब्बाराव एवं संतोष राव उपस्थित रहे।

महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाला यह मानस गान महोत्सव क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। भक्ति संगीत के माध्यम से शिव आराधना और मानस गायन न केवल आध्यात्मिक वातावरण निर्मित करेगा, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को भी सशक्त करेगा।

# जलवायु परिवर्तन और कैंसर पर मंथन, राष्ट्रीय संगोष्ठी का दूसरा दिन स्वास्थ्य जागरूकता को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के प्रायोजन से

- **विश्व कैंसर दिवस पर पर्यावरण–स्वास्थ्य संबंधों पर गहन विमर्श**

आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय अवनयन एवं जनस्वास्थ्य : अंतर्संबंधित संकट और सतत समाधान का द्वितीय दिवस 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता को समर्पित रहा। इस



अवसर पर जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय प्रदूषण और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के आपसी संबंधों पर केंद्रित विचार-विमर्श हुआ। विशेषज्ञों ने बताया कि बदलती जीवनशैली, प्रदूषण, रसायन और पर्यावरणीय असंतुलन किस प्रकार जनस्वास्थ्य के लिए दीर्घकालिक संकट उत्पन्न कर रहे हैं।

संगोष्ठी के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए मदेरकोंता गुफा, कुटुमसर, तीरथगढ़ सहित विभिन्न स्थलों का फील्ड ट्रिप आयोजित किया गया,जिसमें क्षेत्र के भूगर्भीय, पर्यावरणीय और पारिस्थितिक पहलुओं का अध्ययन किया गया। समापन सत्र में वक्ताओं ने चेताया कि यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास पर ठोस कदम नहीं उठाए गए,तो आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और अधिक गंभीर रूप लेंगी।

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश सामने आया कि जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय प्रदूषण और जनस्वास्थ्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। नियमित स्वास्थ्य जांच, कैंसर की प्रारंभिक पहचान, टीकाकरण, जागरूक जीवनशैली, स्वच्छ पर्यावरण और सतत विकास को अपनाकर ही इन जटिल समस्याओं से निपटा जा सकता है। संगोष्ठी ने विद्यार्थियों,शिक्षकों और समाज के लिए वैज्ञानिक सोच एवं जिम्मेदार नागरिकता का मार्ग प्रशस्त किया।

संगोष्ठी के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ श्रीवास्तव उपस्थित रहे। विशेषज्ञ व्याख्यान कैंसर सर्जन डॉ. कल्याण पांडेय एवं कैंसर विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंह द्वारा दिए गए। संगोष्ठी का प्रतिवेदन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीव गुहे ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ अतुल त्रिवेदी के नेतृत्व में डॉ. रवि द्विवेदी,किरण साहू,मनीषा टाइगर और पवन ठाकुर के सहयोग से हुआ, जबकि आभार प्रदर्शन सचिन सिंह राजपूत ने किया।

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

डीएवी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल करमरी में परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण का सजीव प्रसारण विद्यार्थियों के लिए दिखाया गया। यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम 6 फरवरी को प्रातः 10 बजे आयोजित हुआ। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से संवाद कर परीक्षा से जुड़े तनाव को दूर करने के महत्वपूर्ण मंत्र साझा किए। विद्यालय में कक्षा अनुसार विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को सामूहिक रूप से देखा और प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को ध्यानपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में छात्रों को परीक्षा को उत्सव की तरह लेने, आत्मविश्वास बनाए रखने, समय प्रबंधन करने तथा मानसिक संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से भी अपेक्षा की कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें और उनका मनोबल बढ़ाएं। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को संदेश मिला कि परीक्षा जीवन का एक पड़ाव है, न कि अंतिम लक्ष्य। परीक्षा पे चर्चा का यह आयोजन छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी एवं उपयोगी सिद्ध हुआ। विद्यालय परिवार ने इस पहल को विद्यार्थियों के मानसिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

पाठक सूचना
बीजापुर में हरिभूमि समाचार पत्र में
जी प्रणीत कुमार को नियुक्त किया गया है।
समाचार पत्र और विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
जी प्रणीत कुमार
ब्यूरो चीफ बीजापुर
मो.न.
7587290000
ब्यूरो कार्यालय, हरिभूमि जगदलपुर

# विवि में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के तहत सृजनात्मक कार्यक्रमों की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से विविध

- **सीजीकॉस्ट के सहयोग से निबंध प्रतियोगिता, 147 विद्यार्थियों की सहभागिता**

सृजनात्मक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। प्रथम आयोजन के रूप में 'सतत विकास के लिए विज्ञान एवं तकनीकी की भूमिका' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई,जिसमें विश्वविद्यालय की विभिन्न अध्ययनशालाओं के साथ-साथ क्राइस्ट कॉलेज एवं आसपास के अन्य महाविद्यालयों के कुल 147



विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और सतत विकास की अवधारणा को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया।

विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में फरवरी माह के दौरान विज्ञान के विभिन्न विषयों पर क्विज प्रतियोगिता, वाद-विवाद,पोस्टर एवं मॉडल मेकिंग, वैज्ञानिक व्याख्यान और एक्सपोजर विजिट जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन सभी गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के व्यावहारिक पक्षों से जोड़ना तथा समाजोपयोगी वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है। कार्यक्रमों का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा।इस आयोजन का मार्गदर्शन कार्यक्रम समन्वयक एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अभिषेक अवस्थी द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता एवं आगामी कार्यक्रमों में सहायक प्राध्यापक डॉ कुश कुमार नायक, डॉ नीरज कुमार वर्मा,अतिथि व्याख्याता डॉ अनिता कबी,डॉ सुजाता यादव,डॉ कुसुमलता,डॉ कृष्ण कुमार वर्मा,डॉ सोहनलाल,डॉ सुषमा सिंह,डॉ सुरेंद्र द्विवेदी,डॉ विकास वैष्णव,डॉ शत्रुघन पटेल,डॉ रवि मल्होत्रा,डॉ अनिल भारद्वाज,डॉ लक्ष्मण प्रसाद,संजय पांडेय, कीर्ति सिंह मेहरा,आशीष प्रधान एवं उज्ज्वल पुरी गोस्वामी सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस वैज्ञानिक चेतना का संदेश

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष 28 फरवरी को समाज में विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। यह दिवस रमन प्रभाव की खोज की घोषणा की स्मृति में मनाया जाता है, जिसने भारतीय विज्ञान को वैश्विक पहचान दिलाई। विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम विद्यार्थियों को अनुसंधान, नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की ओर प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आशीष प्रधान एवं उज्ज्वल पुरी गोस्वामी सक्रिय सहयोग कर रहे हैं।

